## सार-समाचार

### गंगापुर सिटी क्षेत्र में आज बिजली बंद रहेगी

**गंगापुर सिटी, ( निसं )।** उपखण्ड मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में आज बुधवार को पांच घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। 220 केवी जीएसएस गंगापुर सिटी पर आवश्यक रखरखाव और मरम्मत कार्य के कारण सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक यह कटौती की जाएगी। इस दौरान 220 केवी जीएसएस से निकलने वाले 33 केवी पिलोदा, सलोदा, दौलतपुर फीडर पूरी तरह बंद रहेंगे। इसके अतिरिक्त 132 केवी जीएसएस गंगापुर सिटी, बारोली वजीरपुर, कटकड़, बाटोदा, बामनवास, सपोटरा, कैलादेवी, नांगल शेरपुर और गुढ़ाचंद्रजी से जुड़े सभी 33 केवी फीडरों की विद्युत आपूर्ति भी पूर्ण रूप से ठप रहेगी। विद्युत निगम के अनुसार इस रखरखाव कार्य से गंगापुर सिटी के लगभग 30 हजार उपभोक्ता प्रभावित होंगे। वहीं, आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में 50 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को बिजली कटौती का सामना करना पड़ेगा। उपभोक्ताओं को पेयजल आपूर्ति, मोबाइल और इंटरनेट सेवाओं के साथ-साथ घरेलू व व्यवसायिक गतिविधियों में असुविधा हो सकती है। अधिशासी अभियंता मनसुख लाल गुप्ता ने बताया कि विद्युत तंत्र को सुरक्षित और सुचारू रखने के लिए समय-समय पर आवश्यक रखरखाव कार्य करना अनिवार्य है। कार्य पूरा होने के बाद बिजली आपूर्ति सामान्य रूप से बहाल कर दी जाएगी।उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि वे निर्धारित समय में अपने आवश्यक कार्य निपटा लें और वैकल्पिक व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित कर लें। बिजली निगम ने उपभोक्ताओं को सावधानी बरतने और विद्युत उपकरण बंद रखने की भी हिदायत दी है।

### विश्व विरासत सप्ताह मनाया

**करौली, (निसं)।** कैलादेवी ट्रस्ट के सोल ट्रस्टी पूर्व राजपरिवार प्रमुख कृष्ण चंद्र पाल के निर्देशन तथा भारतीय सांस्कृतिक निधि इंटेक के करौली चैप्टर के तत्वावधान में बुधवार को श्री कैलादेवी सीनियर सेकेंड्री स्कूल के यंग इंटैक क्लब में विश्व विरासत सप्ताह मनाया गया। इंटेक चैप्टर से जुड़े राव शिवराज पाल सिंह ने बताया कि विद्यालय में गठित यंग हेरिटेज क्लब की सदस्य छात्राओं को प्रधानाचार्य पूर्वा मुखर्जी एवं क्लब इंचार्ज श्रीमती किरन चौहान ने विरासत के बारे में जानकारी प्रदान की एवं विरासत संरक्षण के प्रति जागरूक किया। विरासत सप्ताह के उपलक्ष्य में ड्राइंग पेंटिंग एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें छात्राओं ने एक से बढ़कर एक चित्रांकन किया और उससे संदर्भित लेख भी लिखे। खुशी और गुंजन ने ब्लैक बोर्ड पर इंटेक के लोगो के साथ बहुत ही सुंदर चित्रांकन किया। इस अवसर पर पोस्टर और लेख में लक्ष्मी और स्वीटी तथा संजना और सेजल के बनाए और उन पर लिखे गए लघु लेख बहुत ही प्रभावशाली रहे। करौली चैप्टर के सह संयोजक राव शिवराज पाल सिंह ने छात्राओं को शुभकामना दी और स्कूल प्रिंसिपल श्रीमती पूर्वा मुखर्जी एवं क्लब इंचार्ज किरण जादौन के कार्यों की प्रशंसा की।

### जगदीश धाम पर उमड़े श्रद्धालु

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** समीपवर्ती आस्थाधाम जगदीश धाम कैमरी में बुधवार को अमावस्या पर भगवान की विशेष पूजा व महाआरती की गई। सुबह चार बजे से ही श्रद्धालुओं का उमड़ना शुरू हो गया। जगदीश चौक में भगवान के जयकारों के साथ अटका महाप्रसादी वितरित की गई। इस अवसर पर नादौती प्रधान गरिमा गुर्जर पुत्रवधु प्रधान बहादुर सिंह खेड़ला, हव. जयराम गुर्जर सालौदा, अमरसिंह ठेकेदार होदाहेली, छोटूसिंह सैनपुर फार्म की ओर से भगवान को महाप्रसादी अर्पण की। इसके बाद अटका प्रसादी भक्तों को वितरित की गई। इससे पहले मंदिर के महंत पं. मनोज शास्त्री, पं. हरिमोहन शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार से भगवान का पंचामृत महाभिषेक किया। जिसमें ट्रस्ट के अध्यक्ष घनश्याम खटाना खेड़ला, उपाध्यक्ष कैप्टन राजाराम होदाहेली, ट्रस्ट एवं पीसीसी सदस्य शीशराम खटाना, कोषाध्यक्ष कैप्टन शीशराम खटाना, सचिव रामगिलास गुर्जर, समसा के उप निदेशक नादान सिंह खटाना, पूर्व सरपंच हंसराज गुर्जर, नरेश मास्टर, सियाराम वकील, कैप्टेन रतनसिंह, रूपसिंह सैनी, सूबेदार साहब सिंह, शेर सिंह, राजबहादुर नयापुरा भूर सिंह धमाडी, सियाराम वकील, पूर्व सरपंच सुठीवसिंह अधैत, भूपेश खटाना अधैत आदि ने भाग लिया। इस मौके पर अध्यक्ष सहित मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारियों व बारह गांवों के पंच पटेलों ने महा प्रसादी अर्पण करने वाले श्रद्धालुओं सहित अतिथियों का सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन शीशराम खटाना व हंसराज सरपंच ने किया। इस मौके पर प्रवक्ता पृथ्वी सिंह, हनुमान सहाय, रामस्वरूप बीलई, रामदयाल, जेकेप के जिलाध्यक्ष कैप्टन रतन सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष ज्ञानसिंह मास्टर, दयाराम ठेकेदार, भूपेन्द्र अधैत, ज्ञानसिंह कालाडबरा, धारा खेड़ली, साहब सिंह बाढ़, भगवान सिंह कुंज्याकापुरा आदि ने भाग लिया। इस मौके पर जगदीश चौक में सजी दुकानों पर महिलाओं व बच्चों ने खरीदारी की।

### शहरी व ग्रामीण क्षेत्र का किया दौरा

**भरतपुर, (निसं)।** पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने भरतपुर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र का दौरा कर लोगों की समस्याओं जानकर सम्बन्धित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये साथ ही लोगों के दुःख सुख में भागीदारी निभाई। डॉ. गर्ग बुधवार को भरतपुर शहर के रणजीत नगर के अलावा गांव नगला उपटैला, धौरमुई, पीपला, बांसी बिरहना, खैमरा, घसौला, घना जाटौली, श्रीनगर सहित अन्य ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में पहुंचे और लोगों के दुख-सुख में भागीदार बने। डॉ. गर्ग ने क्षेत्र की समस्याओं का भी आंकलन कर समस्याओं का समाधान कराने का लोगों को विश्वास दिलाते हुये सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये। डॉ. गर्ग ने रणजीत नगर कार्यालय पर भी जन सनुवाई की। इस दौरान लोगों ने उन्हें बिजली, पानी, सडक, अतिक्रमण के अलावा विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया।

### जिला स्तरीय जनसुनवाई स्थगित

**करौली, (निसं)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल ने बताया कि जिले में जिले में निर्वाचन नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण को दृष्टिगत रखते हुए 20 नवम्बर को आयोजित की जाने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई को स्थगित किया जाता है।

# कोई भी बच्चा वैक्सीनेशन से वंचित नहीं रहे : राहुल सैनी

**भरतपुर, (निसं)।** उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण दिवस 23 नवम्बर के सफल आयोजन हेतु तैयारियों की समीक्षा के लिए बुधवार को जिला टास्क फोर्स की बैठक अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर राहुल सैनी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में अभियान की समस्त व्यवस्थाओं, लॉजिस्टिक्स, टीम गठन और कवरेज रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई।

एडीएम सिटी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि 23 नवम्बर को आयोजित होने वाले उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण दिवस पर जिले के 0-5 वर्ष तक के शत प्रतिशत बच्चों को खुराक पिलाया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने हाई रिस्क क्षेत्रों-

- **पल्स पोलियो टीकाकरण दिवस 23 नवम्बर को**
- **जिले में 2 लाख 8 हजार 740 बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक**

जैसे ईंट भट्टे, निर्माणाधीन साइट, डाबी के खनन क्षेत्र, औद्योगिक स्थल एवं बिखरी आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष फोकस रखने को कहा। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा वैक्सीनेशन से वंचित नहीं रहे, यह अभियान का प्रमुख लक्ष्य होना चाहिए। खनन क्षेत्रों में श्रमिकों के बच्चों का टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए माइनिंग एसोसिएशन के प्रतिनिधियों का सहयोग लेने तथा शिक्षा विभाग के माध्यम से स्कूलों में भी जागरूकता एवं कवरेज बढ़ाने के निर्देश दिए।



**उपराष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण दिवस के आयोजन हेतु तैयारियों की समीक्षा के लिए जिला टास्क फोर्स की बैठक अतिरिक्त जिला कलक्टर राहुल सैनी की अध्यक्षता में आयोजित हुई।**

उन्होंने अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जन-जागरूकता रैली, प्रचार सामग्री वितरण एवं स्थानीय स्तर पर सूचना प्रसार बढ़ाने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि अभियान की सफलता के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी, एएनएम, आईसीडीएस, विद्युत विभाग और अन्य विभागों का पारस्परिक सहयोग महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्युत विभाग को टीकाकरण अवधि में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा पंचायत स्तर पर ग्राम सचिवों से समन्वय बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने और टीकाकरण दिवस पर सभी चिकित्सा अधिकारियों को पल्स पोलियो केंद्रों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए।

सीएमएचओ डॉ. गौरव कपूर ने बताया कि जिले में 23 नवम्बर को आयोजित पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत 2 लाख 8 हजार 740 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इसके लिए जिले में 1415 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं। प्रथम दिवस बूथों पर बच्चों को खुराक दी जाएगी और द्वितीय एवं तृतीय दिवस स्वास्थ्य टीमें घर-घर जाकर शेष बच्चों को दवा पिलाएंगी।बैठक में प्रशिक्षु आईएएस भानु शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र गोपालिया, एडीईओ राजेश शर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## रानी लक्ष्मीबाई जयंती पर शक्ति संवर्धिनी कार्यक्रम आयोजित

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से रानी लक्ष्मीबाई जयंती के उपलक्ष्य में शक्ति संवर्धिनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मोहन नगर स्थित बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में छात्रा सम्मेलन एवं शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं में आत्मविश्वास, शिक्षा एवं राष्ट्रसेवा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

विभाग संयोजक योगेंद्र डागुर ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव थीं। अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दयाल सिंह सोलंकी ने की। मुख्य वक्ता प्रांत सह मंत्री अंजलि चौरसिया तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अधिकारी कृष्णा कुमारी, सरपंच भूदेव सिंह और विभाग संगठन मंत्री अनिरुद्ध कुलश्रेष्ठ सहित नगर छात्रा प्रमुख नैना सैनी मंचासीन रहीं।कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती, स्वामी विवेकानंद एवं रानी लक्ष्मीबाई के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। मंच संचालन गजानन सोलंकी ने किया। अतिथियों का स्वागत रानी लक्ष्मीबाई की तस्वीर प्रदान कर किया गया।विभाग संगठन मंत्री अनिरुद्ध कुलश्रेष्ठ ने कार्यक्रम की प्रस्तावना एवं उद्देश्य पर प्रकाश डाला। पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव ने छात्राओं से पूरी लगन व निष्ठा के साथ अध्ययन कर समाज व परिवार का नाम रोशन करने का आ ान किया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दयाल सोलंकी ने छात्राओं को शिक्षा को जीवन का आधार मानते हुए हर चुनौती का डटकर सामना करने की प्रेरणा दी। कृष्णा कुमारी ने सीमित संसाधनों के बीच शिक्षा प्राप्त करने के अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि शिक्षा केवल अंकों की प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाली शक्ति है। उन्होंने मोबाइल व ऑनलाइन शिक्षा के सकारात्मक उपयोग पर भी बल दिया।

मुख्य वक्ता अंजलि चौरसिया ने कहा कि छात्राओं को रानी लक्ष्मीबाई से प्रेरणा लेते हुए 21वीं सदी के भारत निर्माण में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज की महिलाएं आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार कर रही हैं।

सरपंच भूदेव सिंह ने गांव में शुरू की गई निशुल्क स्वास्थ्य लाइब्रेरी की जानकारी दी। हाल ही में राजस्थान प्रबल कार्यक्रम में जिला टॉपर रही प्रियंका चौधरी ने भी छात्राओं को प्रेरित किया। शोभायात्रा के दौरान भगत सिंह सर्किल स्थित शहीद-ए-आजम भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। डीजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा में मार्ग में समाजसेवियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। बयाना मोड पर एक गंभीर घायल को ले जा रही एंबुलेंस को मार्ग देने के लिए कार्यकर्ताओं ने शोभायात्रा रोककर मानवीय संवेदना का उदाहरण प्रस्तुत किया।कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन नगर छात्रा प्रमुख नैना सैनी ने किया। इस दौरान विभाग संयोजक योगेंद्र डागुर, जिला संयोजक लव सोलंकी, जनजाति प्रांत सह प्रमुख लोकेश मीणा, नगर मंत्री शांतनु सिंह, इकाई अध्यक्ष सौरभ चौधरी, सचिव कुंजल सेन, सह सचिव कुंजल, कन्या महाविद्यालय इकाई अध्यक्ष अनुष्का, इकाई सचिव अदिति सोनी, एसएफएस नगर संयोजक सौरभ कुमार, प्रमुख सुमन मीणा, सह सचिव प्राची मीणा, लवली सहित अनेक छात्र-छात्राएं व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गणना प्रपत्र भरने गए बीएलओ पर श्वान का हमला

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** गंगापुर सिटी विधानसभा क्षेत्र के सलारपुर के भाग संख्या 199 में गणना प्रपत्र भरने गए बीएलओ मुकेश माली पर एक कुत्ते ने हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। यह घटना मंगलवार शाम को हुई। जानकारी के अनुसार, मुकेश माली ब्राह्मण की ढाणी में नवल किशोर के घर प्रपत्र भरने पहुंचे थे। इसी दौरान, वहां खुले छोड़े गए कुत्ते ने उन पर अचानक हमला कर दिया। कुत्ते ने उनके शरीर के कई हिस्सों में काटा, जिससे वे बुरी तरह लहूलुहान हो गए। तहसील में निर्वाचन पंजीकरण पदाधिकारी द्वारा सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से पहले ही चेतावनी जारी की गई थी। इसमें कहा गया था कि जिन घरों में कुत्ते पाले गए हैं, उन्हें दिन के समय बांधकर रखा जाए और चेतावनी बोर्ड भी लगाया जाए। इसके बावजूद, कुत्ता खुले में घूम रहा था और उसे रोकने का कोई प्रयास नहीं किया गया। घटना के बाद, मौके पर पहुंची तकनीकी टीम ने घायल बीएलओ को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया। इस घटना ने क्षेत्र में बीएलओ के कार्य के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## रंगोली से दिया मतदान का संदेश

**डीग/भरतपुर, (निसं)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में चल रहे इस अभियान में शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों के साथ-साथ अब आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भी अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की है।

स्वीप कार्यक्रम के तहत बुधवार को राजकीय महाविद्यालय, डीग में मतदाता जागरूकता हेतु विशेष रांगोली निर्माण गतिविधि का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की छात्राओं ने परिसर में आकर्षक रांगोली बनाकर मतदान के महत्व को रेखांकित किया।

छात्राओं ने रांगोली के माध्यम से वोट फॉर बेटर इंडिया, आओ मतदान करें और मेरा पहला वोट देश के लिए जैसे संदेश प्रसारित किए। संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत उपस्थित छात्राओं और स्टाफ सदस्यों ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने और अन्य मतदाताओं को जागरूक करने का संकल्प लिया।

## सार-समाचार

### हादसे में एक की मौत, एक जयपुर रैफर

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** सदर थाना क्षेत्र में मंगलवार रात एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। उघाड़मल बालाजी के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे यह दुर्घटना हुई। घायल युवक को उपचार के लिए जयपुर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, सवाई माधोपुर जिले के भडेरड़ा गांव निवासी मुकेश गुर्जर (18) पुत्र मुरारी गुर्जर और लखन गुर्जर पुत्र हनुमान गुर्जर बाइक से सवाई माधोपुर से गंगापुर सिटी की ओर आ रहे थे। उघाड़मल बालाजी के पास सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने तुरंत दोनों घायलों को गंगापुर सिटी के जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने मुकेश गुर्जर को मृत घोषित कर दिया। लखन गुर्जर की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक इलाज के बाद उसे जयपुर रेफर कर दिया गया। हादसे की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना स्थल का जायजा लिया। मृतक मुकेश के शव को जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया। बुधवार सुबह पुलिस ने पंचनामा तैयार कर पोस्टमॉर्टम करवाया और शव परिजनों को सौंप दिया। दुर्घटना के बाद गंगापुर-सवाई माधोपुर हाईवे पर लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिससे कुछ देर के लिए यातायात बाधित हुआ। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रैफिक को नियंत्रित किया और स्थिति को सामान्य बनाया। इस हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तेज रफ्तार वाहनों पर लगाम लगाने और सड़क सुरक्षा उपायों को बढ़ाने की मांग की है।

### निजी पैथोलॉजी लैबों पर कसा शिकंजा

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारीडॉ. जयंतीलाल मीनाने बुधवार को शहर में संचालित निजी पैथोलॉजी लैब और नर्सिंग होमों की आकस्मिक जांच की। जांच में 8 पैथोलॉजी लैब और 2 नर्सिंग होमक्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के मानकों पर खरे नहीं उतर पाए। सीएमएचओ टीम ने अस्पताल रोड स्थितनेशनल डायग्नोस्टिक सेंटर, जानवी डायग्नोस्टिक सेंटर, कमल डायग्नोस्टिक सेंटर, भारत डायग्नोस्टिक सेंटर, गणपति डायग्नोस्टिक सेंटर, हिण्डौन लैब एंड एक्स-रे, श्री डायग्नोस्टिक सेंटरके साथ स्टेशन रोड पर स्थितगणेशम हॉस्पिटल और ओवरब्रिज के पासडागुर हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। जांच में सामने आया कि कई लैबबिना वैध रजिस्ट्रेशनके संचालित हो रही थीं। अधिकांश स्थानों परचिकित्सक और लैब टेक्नीशियन के आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहींमिले। इसके अलावाबायोमेडिकल वेस्ट निस्तारण, फायर सेफ्टी, उपकरणों का रखरखावजैसे अनिवार्य मापदंड भी पूरे नहीं थे। डॉ. मीना ने निर्देश दिए कि सभी लैब और नर्सिंग होम क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहततत्काल रजिस्ट्रेशनकरवाएं। नियमों का पालन नहीं करने परसीलिंग की कार्रवाईकी जाएगी। अचानक हुई इस कार्रवाई से संचालकों में हड़कंप मच गया और कई जगह दस्तावेज जुटाने की कवायद शुरू हो गई। निरीक्षण टीम मेंवर्क इंचार्ज,पीसी-पीएनडीटी समन्वयक नगीना शर्माऔरडीपीसी आईईसी लखन सिंह लोधाभी शामिल रहे।

### महाविद्यालय की समस्याओं पर मंथन

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को कार्यवाहक प्रिंसिपल प्रो. रमेश बैरवा ने प्राचार्य-विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और संकाय सदस्यों ने भाग लिया। संवाद के दौरान प्राचार्य ने विद्यार्थियों से नियमित कक्षाओं में उपस्थित रहने की अपील की। उन्होंने संकाय सदस्यों को भी समय पर और नियमित रूप से कक्षाएं संचालित करने के निर्देश दिए। विद्यार्थियों ने प्रिंसिपल के समक्ष अपनी विभिन्न समस्याएं रखीं। इनमें पेयजल व्यवस्था में सुधार, आई-कार्ड उपलब्ध कराने, कुछ विषयों की कक्षाएं नियमित कराने, पुस्तकालय से पुस्तकें मुहैया कराने और स्कूटी वितरण जैसे मुद्दे शामिल थे। प्रिंसिपल ने सभी मांगों के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय प्रशासन विद्यार्थियों की सुविधा और शिक्षण व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर वरिष्ठ संकाय सदस्य सुरेश चंद मीना, डॉ. धीरज गुप्ता और डॉ. रोहित मीणा ने विद्यार्थियों को अनुशासन में रहते हुए पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने और नियमित कक्षाओं में मौजूद रहने के लिए प्रेरित किया।

### कवच सिस्टम का किया निरीक्षण

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** रेल मंत्रालय में सार्वजनिक शिकायतों के कार्यकारी निदेशक विकास कुमार जैन एक दिवसीय दौरे पर गंगापुरसिटी रहे। उन्होंने नई दिल्ली-मुंबई मुख्य रेलमार्ग पर स्थापित किए जा रहे अत्याधुनिक कवच सिस्टम का विस्तृत निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान कोटा मंडल के डीआरएम, वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन और कोटा मंडल के विभिन्न विभागों के कई वरिष्ठ अधिकारी उनके साथ मौजूद रहे। जैन ने गंगापुरसिटी रेलवे स्टेशन पर लोको पायलटों, यातायात निरीक्षकों और अन्य अधिकारियों की एक क्लास ली। इस दौरान उन्होंने सिस्टम की बारीकियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। कई लोको पायलट कवच प्रणाली से जुड़े तकनीकी प्रश्नों का उत्तर नहीं दे पाए, जबकि कुछ पायलटों ने इसके संचालन और उपयोगिता की विस्तृत जानकारी साझा की।

### रामकेश मीणा ने संभाला कार्यभार

**डीग/भरतपुर, (निसं)।** डीग थाना कोतवाली प्रभारी का बुधवार को सी आई रामकेश मीणा ने कार्यभार संभाला।इसके बाद उन्होंने स्टाफकर्मियो की बैठक लेकर थाना कोतवाली क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति ,लंबित प्रकरणों ,वांक्षित आरोपियों की जानकारी ली और लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण करने के निर्देश दिए। भास्कर से बात करते हुए उन्होंने कहा कि थाना कोतवाली क्षेत्र में पुलिस की कार्यप्रणाली और व्यवहार से आम आदमी का विश्वास अर्जित करना ,कानून व्यवस्था को मजबूत बनाना , साइबर ठगी सहित अन्य अपराधों पर अंकुश लगाना उनकी प्राथमिकता रहेगी।इसके लिए पुलिस के मुखबिर तंत्र सक्रिय कर समाज कंटकों की गतिविधियों पर नजर रखी जावेगी। सर्दी के मौसम को देखते हुए रात्रि गश्त और पुलिस की चौकियों पर जांच व्यवस्था को मजबूत किया जावेगा।

# 'पर्यावरण संरक्षण सिर्फ एक नीति नहीं बल्कि हमारी जिम्मेदारी'

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** प्रकृति बचाओ जीवन बचाओ के उद्देश्य को लेकर मानव जीवन के संरक्षण एवं संवर्धन की अनिवार्यता को आधार रखकर अग्रवाल कन्या महाविद्यालय में 'पर्यावरण संरक्षण में पारंपरिक ज्ञान की भूमिका' विषय पर दो दिवसीय नेशनल सेमिनार का समारोह पूर्वक भव्य आगाज हुआ।

आयोजन अध्यक्ष एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ बीएस गुर्जर ने बताया कि इस दो दिवसीय कांफ्रेंस में संपूर्ण भारत वर्ष से प्रमुख शिक्षाविद, शोधार्थी, स्कॉलर ने भाग लेकर प्रकृति एवं पर्यावरण के विषय में चिंतन एवं मंथन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे को नमन कर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेमिनार के मुख्य अतिथि सिंडिकेट सदस्य, प्राचार्य विश्वविद्यालय महाराजा कॉलेज प्रोफेसर गजेंद्र पाल सिंह ने कहा कि पर्यावरण अवनयन का मुख्य कारण मानव के द्वारा प्रकृति का विलासिता पूर्ण उपभोग है। इसके लिए भारतीयों को प्रकृति के अनुकूल व्यवहार करना होगा। पर्यावरण संरक्षण सिर्फ एक नीति नहीं बल्कि हमारी जिम्मेदारी है। मुख्य वक्ता के रूप में आए हुए विभागध्यक्ष संस्कृत मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर डॉ नीरज शर्मा कहां की पर्यावरण को वेदों से समझना होगा इसके लिए ऋग्वेद प्रकृति संरक्षण के लिए सर्वोत्तम उपाय है। ज्ञान क्रिया इच्छा यह प्रकृति के तीन तत्व हैं जिनके साथ कार्य करने से प्रकृति का संरक्षण होगा। पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें धर्म का पालन करना होगा यह पारंपरिक ज्ञान है और यह पारंपरिक ज्ञान वेद और शास्त्र में निहित है जरूरत है तो इसे ग्रहण करने की।



**अग्रवाल कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेमिनार शुरू हुआ।**

विशिष्ट अतिथि संयुक्त निदेशक कॉलेज शिक्षा जयपुर डॉ श्रीमन रावत ने बताया कि पर्यावरण हमारी संस्कृति से जुड़ा हुआ है प्रकृति मनुष्य की आवश्यकता की पूर्ति कर सकती है लालच की नहीं इसलिए प्रकृति का सावधानीपूर्वक उपभोग ही उसका पुनर्निर्माण है।

विशिष्ट अतिथि सहायक निदेशक आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा जयपुर डॉ रामस्वरूप मीना ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सबसे पहले स्वयं में सुधार करना है यह प्रकृति के लिए सबसे बड़ा योगदान होगा और हमें संकल्प लेना होगा कि एक पेड़ जरूर लगाए। विशिष्ट अतिथि डॉ विक्रम सिंह गुर्जर प्राचार्य विजयपथ पीजी कॉलेज श्री महावीर जी ने कहा कि आज के पर्यावरणीय संकटों के दौर में पारंपरिक ज्ञान एक मार्गदर्शक की तरह है जो हमें सादगी संतुलन और प्रकृति के प्रति सम्मान का पाठ पढ़ाता है विशेष आमंत्रित सदस्य रामकेश मीणा प्राचार्य राजकीय कन्या महाविद्यालय वजीरपुर एवं विश्वविद्यालयप्रतिनिधि .ने बताया कि यदि हम आधुनिक विज्ञान और पारंपरिक बुद्धि को साथ लेकर चलें तो आने वाली पीढियो के लिए एक सुरक्षित स्वच्छ और संतुलित पृथ्वी अवश्य छोड़ सकते हैं। प्रो सरोज मीना कॉलेज आयुक्तालय ने कहा कि यदि प्रकृति के साथ जीवन जीते हैं तो अपने मन में हरियाली पाते है विकसित भारत तभी बनेगा जब पर्यावरण शुद्ध बनेगा इसलिए मनुष्य का दायित्व है वह प्रकृति का संरक्षण करे। इसके साथ ही सेमिनार को विशेष आमंत्रित अतिथि डॉ पप्पू राम कोली प्राचार्य राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हिंडौन सिटी, डॉ बी एल मीनावत प्राचार्य राजकीय कन्या महाविद्यालय गंगापुर सिटी ने भी संबोधित किया। कॉन्फ्रेंस में महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रकृति एवं पर्यावरण को लेकर तैयार किए गए पोस्टर एवं मॉडल प्रदर्शनी का सभी शिक्षाविदों द्वारा अवलोकन किया।

# विधिक सचिव ने किया उपकारागृह का निरीक्षण

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सवाई माधोपुर के निर्देशों पर सचिव समीक्षा गौतम ने बुधवार को गंगापुर सिटी का दौरा किया। उन्होंने यहां उपकारागृह, चौतन्य इंटीग्रेटेड स्कूल, राजकीय सामान्य अस्पताल स्थित पालना गृह और बाल वाहिनियों का निरीक्षण किया। उपकारागृह के निरीक्षण के दौरान, सचिव गौतम ने जेलर सुखबीर सिंह से बंदियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता, अधिवक्ताओं की उपलब्धता, निशुल्क विधिक सहायता के इच्छुक बंदियों की संख्या और प्रिजन लीगल एड क्लिनिक के माध्यम से की गई कार्रवाइयों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बंदियों की समस्याओं को भी सुना। इसके बाद, चौतन्य इंटीग्रेटेड स्कूल का निरीक्षण किया गया। यहां दिव्यांग बच्चों की संख्या, उनके लिए बैसाखी, ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर की उपलब्धता, भंडारगृह की स्थिति और बच्चों के कौशल विकास के प्रयासों की जानकारी ली गई। सचिव गौतम ने स्कूल में पाई गई अनियमितताओं को दूर करने के सख्त निर्देश दिए। राजकीय सामान्य अस्पताल, गंगापुर सिटी में स्थित पालना गृह का भी निरीक्षण किया गया। सचिव ने पिछले दो वर्षों में पालना गृह में छोड़े गए शिशुओं की संख्या, बच्चों से संबंधित रजिस्टर के उचित रखरखाव, नियमित प्रविष्टियों, पालना गृह की साफ-सफाई और बच्चों की सुरक्षा के इंतजामों की जांच की। पाई गई कमियों को सुधारने के लिए सख्त निर्देश दिए गए। बुधवार को ही फव्वारा चौक पर बाल वाहिनियों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान वाहनों में क्षमता से अधिक बच्चों को ले जाने, फिटनेस, परमिट और बीमा की स्थिति, ड्राइवरों के लाइसेंस और अनुभव की जांच की गई। बच्चों की सुरक्षा के लिए जीपीएस, अग्निशमन यंत्र और प्राथमिक उपचार किट की उपलब्धता के साथ-साथ आपातकालीन निकासी व्यवस्था का भी आकलन किया गया। निरीक्षण के दौरान यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाली कुल 8 बाल वाहिनियों के चालान किए गए। सचिव समीक्षा गौतम ने बाल वाहिनियों के चालकों और सहायकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए समझाया।



**पालना गृह का निरीक्षण करते विधिक सचिव समीक्षा गौतम।**

## ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी

**बयाना/भरतपुर, (निसं)।** बयाना उपखंड के नारौली और कोठीखेडा गांवों के बीच कुंकन्द नदी पर पीडब्ल्यूडी द्वारा मिट्टी डालकर बनाया गया कच्चा रास्ता हादसों का कारण बनता जा रहा है। लगभग आठ फुट चौडाई में तैयार किया गया यह मार्ग संकरा होने के कारण वाहनों के पलटने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं।


राजस्थान सरकार
प्रपत्र-7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, भरतपुर खण्ड-भरतपुर**

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन नोटिस समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को (नाम,वर्णन तथा निवास स्थान)**

मुकदमा नम्बर- 111क2025(17)
चूंकि कार्यवाहक अध्यक्ष श्री अवधसिंह पुत्र श्री शिवराम सिंह निवासी मिझौरा, पोस्ट बाजना, तहसील सपोटरा, जिला करौली (राज.) ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(2) के अन्तर्गत राज फाउण्डेशन संस्थान मिझौरा, पोस्ट बाजना, तहसील सपोटरा, जिला करौली (राज.) प्रन्यास के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 दिन के भीतर उक्त जांच के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
नोटिस-आज दिनांक 06.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया।
प्रकरण में आगामी सुनवाई की दिनांक 09.01.2026

मोहर अदालत

(मुकेश कुमार मीना)
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, भरतपुर